आकाशवाणी चंडीगढ़

21 अगस्त 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने व् नए उद्यमों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है।

2. हरियाणा के पर्यावरण एवं वन्न मंत्री राव नरबीर सिंह ने राज्य में सिंगल उसे प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

3. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आज ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता व् विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया-- कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्रों को सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया।

और

4. हरियाणा और चंडीगढ़ में केंद्र सरकार द्वारा ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबन्ध लगाने के फैसले का स्वागत।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने और नए उद्यमियों के सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के सभी जिलों में उद्यमिता एवं संकाय विकास कार्यक्रम संचालित किए जाने पर बल दिया है।

उन्होंने जिलों में उद्यमिता एवं संकाय विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि युवा स्टार्टअप नीति के तहत सृजित किए जा रहे अवसरों का लाभ उठा सकें।

*************************************************************

हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णत: प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

श्री राव नरबीर सिंह आज चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी इस दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए जनता को प्लास्टिक मुक्त हरियाणा बनाने में सहयोग हेतु प्रेरित करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुरुग्राम एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य शहरों में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी एवं रेजिडेंट वेल्फेयर संगठनों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। इन बैठकों में उन्हें ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए तथा प्रत्येक सोसाइटी को खाद सयन्त्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

पर्यावरण एवं वन मंत्री ने यह भी कहा कि अधिकारी दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा फैक्टरियों का नियमित निरीक्षण करें और जहां कहीं भी प्लास्टिक बैग का निर्माण या उपयोग होता पाया जाए, वहां तत्काल चालान कर कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान उन्होंने बोर्ड में रिक्त पड़े पदों को आवश्यकता अनुसार अनुबंध आधार पर शीघ्र भरे जाने तथा नियमित भर्ती के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग एवं हरियाणा लोक सेवा आयोग को मांग भेजने के भी निर्देश भी दिए।

हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने के लिए वन मित्र योजना को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि अब वन मित्र केवल निजी भूमि पर ही नहीं, बल्कि वन विभाग की भूमि पर भी गड्ढे खोदकर पौधारोपण कर सकेंगे।

*************************************************************

हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि सरकार सत्र के दौरान कई विधेयक पेश कर सकती है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग आयोग की शक्तियां बढ़ाने का प्रयास हो सकता है।

विधायकों के भत्तों बारे भी विधेयक पेश हो सकता है ।

**************************************************************

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी में जहां ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की झलक देखने को मिली तो वहीं विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने खुद अपने हाथों से तैयार किए गए उत्पाद भी प्रदर्शित किए, ताकि दूसरे छात्र-छात्राओं को भी जीवन में सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा मिल सके।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस दौरान छात्रों को एक सफल उद्यमी बनकर कामयाब होने के लिए प्रेरित किया।

मीडिया से बातचीत में प्रोफेसर सचदेवा ने कहा –

उन्होंने कहा कि और उद्यमिता के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिलाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि आज जो प्रदर्शनी लगाई गई है जिसमें विद्यार्थियों ने 15 के करीब स्टार्टअप प्रदर्शित किए है।

**************************************************************

आज अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। यह दिवस वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।

**************************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में आम लोगों और युवाओं ने केंद्र सरकार द्वारा ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाए जाने के फैसले का स्वागत किया है।

युवा वर्ग  ने इस के लिए सरकार का आभार जताया है। उनका कहना है कि यह कदम न केवल युवाओं को गलत आदतों से बचाएगा बल्कि परिवारों को आर्थिक नुकसान से भी राहत दिलाएगा।

अंबाला  के रहने वाले सात्विक ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा-

सात्विक ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम्स ने समाज में नशे की तरह पकड़ बना ली थी और कई घर आर्थिक संकट में फंस गए थे। ऐसे में सरकार का यह निर्णय समाज के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।  उन्होंने कहा है इस प्रतिबंध से साइबर अपराधों और अवैध लेन-देन पर भी रोक लगेगी।

************************************************************

जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि 'युवा जोड़ो अभियान' के चलते जेजेपी के प्रति युवाओं का रुझान  दिन-प्रति बढ़ा है और बड़ी संख्या में युवा जेजेपी के साथ जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि जेजेपी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और प्रदेश के मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठा रही है।

************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री  गौरव गौतम ने जिला पलवल के गांव फिरोजपुर के वीर सपूत भारतीय वायुसेना के निर्भीक फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह को देश के तीसरे सर्वोच्च युद्धकालीन सम्मान वीर चक्र से सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देश एवं पूरे हरियाणा को सिद्धांत सिंह जैसे वीर सपूतों की वीरता पर गर्व है। सिद्धांत सिंह का यह साहस, समर्पण और शौर्य प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

वहीं खेल मंत्री ने जिला पलवल के होनहार खिलाड़ी कपिल बैंसला द्वारा कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि कपिल ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की है। खेल मंत्री ने कहा कि कपिल बैंसला का स्वर्ण पदक जीतना न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत देश के लिए गौरव की बात है।

***************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा गत 30 व 31 जुलाई, को करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता -एचटेट परीक्षा का परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जा रहा है।

बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए राज्य के सभी 22 जिलों में 25 व 26 अगस्त, को यह प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों से सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने साथ लगते जिलों में जाकर यह प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि विशेष परिस्थितियों में अभ्यर्थी 22 जिलों में स्थापित केन्द्रों में से किसी भी केन्द्र पर जाकर यह प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। अभ्यर्थी द्वारा अपना मूल फोटो युक्त पहचान पत्र एवं मूल प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिलों में जहां वेरीफिकेशन होनी है, उन विद्यालयों की सूची व जिन अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी है, उनकी सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

***************************************************************